केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2019/151 दिनांक: 23.07.2019

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2019/00133
CICOM/R/2019/00481

अपीलकर्ता : श्री रामगोविन्द सिंह,
निवासी 56, गांधी नगर,
जनपद - उन्नाव - 209801.

निर्णय की तारीख: 23.07 2019

| | |
|---|---|
| आर.टी.आइ. आवेदन की तिथि | 12.06.2019 |
| आर.टी.आइ. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 27.06.2019 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री ए. के. असीजा |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 15.07.2019 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 229/22.07.2019 (14961/19.07.2019) |

1 अपीलकर्ता द्वारा दिनाक 12.06.2019 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से आयोग को प्रेषित अपने दिनांक 11.04.2019 के पत्र पर की गई कार्यवाही से संबधित सूचनाए मांगी गई थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री ए. के. असीजा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना के विरूद्ध प्रथम अपील दाखिल की गई है ।

2 संबधित संचिका (प्रथम अपील आवेदन, आर.टी.आई. आवेदन एव प्रदान की गई सूचना) का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता ने अपने दिनांक 11.04.2019 के पत्र के संबंध में सूचना मांगी थी, जबकि श्री ए. के. असीजा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना के साथ अपीलकर्ता के पत्रों पर की गई कार्यवाही से संबधित संलग्न दोनो पत्र 11.04.2019 से पहले के है, अपीलकर्ता के दिनांक 11.04.2019 के पत्र पर की कार्यवाही के संबंध में कोई सूचना नही दी गई है । तद्नुसार श्री ए. के. असीजा, **केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश की प्राप्ति के पंद्रह दिनों के अंदर अपीलकर्ता को उनके दिनांक 11.04.2019 के पत्र पर की गई कार्यवाही की स्पष्ट एवं पूर्ण सूचना प्रदान की जाए, यदि उक्त पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है तो भी अपीलकर्ता को स्पष्ट रूप में सूचित किया जाए ।**

3 तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4 प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 में की जा सकती है ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
23 JUL 2019
D. No.......
Initials.......

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष - 011-26162290

प्रतिलिपि :

केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
श्री ए. के. असीजा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।